## खबर संक्षेप

### सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

**कटनी।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में गुरुवार 28 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### गणेशोत्सव पर्व में ननि करेगा विशेष व्यवस्था

**कटनी।** गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर 27 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक नगर निगम सीमांतर्गत विभिन्न स्थानों, चौराहों में शहर के नागरिकों, समितियों द्वारा भगवान गणेश जी प्रतिमा स्थापना एवं विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी करते हुए गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से अनंत चतुर्दशी ,गणेश विसर्जन तक नगर पालिक निगम, कटनी से संबंधित समस्त कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्धारित समय पर व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा इस संबंध में जारी आदेशानुसार कर्मचारियों को नगर के मुख्य मार्गों सहित जुलूस मार्ग के गड्ढों की आवश्यक मरम्मत, सुधार कार्य कराने, परम्परागत स्थानों पर कृत्रिम विसर्जन कुंडों एवं बेरिकेटिंग की व्यवस्थायें पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। समितियों से समन्वय बनाकर पंडालों के पास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाईट प्वाइंटों को चालू करवाने के साथ ही परम्परागत विसर्जन कुंडों, जुलूस मार्ग की स्थाई, अस्थाई प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारी, कर्मचारियो को विभाग से संबंधित व्यवस्थाएँ समय-सीमा में पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने के निर्देश दिए है।

### जिले में अब तक 913.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 27 अगस्तम तक कुल 913.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1211.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 875.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 995.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1211.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 857 मिलीमीटर, बरही तहसील में 820 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 793.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 798.7 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1009.9 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 820.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## भगवान श्री गणेश के दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह

# सुसज्जित पंडालों एवं घरों में विराजे प्रथम पूज्य गणपति बप्पा मोरया के जयकारों की रही गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गौरी नंदन प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व बुधवार से प्रारंभ हो गया। पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह नजर आ रहा है। नगर सहित उप नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों में सुसज्जित पंडालों से लेकर घरों में प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान से की गई। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

दस दिनों तक प्रथम पूज्य गजानन की भक्ति आराधना में श्रद्धालु लीन रहेंगे। सुबह से लेकर देर शाम तक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का दौर चलता रहा। लोग गाजे बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं को मूर्तिकारो के यहां से लेकर प्रतिमा स्थापना स्थल तक ले गए। गणेश प्रतिमाओ को दो पहिया ओर चार पहिया वाहनों में लें जाने का क्रम देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान जय गणेश, गणपति बप्पा मोरिया की जयघोष गुंजायमान हो रही थी। गणेशोत्सव पर्व को लेकर विभिन्न पांडालों व गणेश मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। बुधवार को स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय के बाजार में प्रतिमा व पूजन सामग्री की खरीददारी के लिए भीड़ लगी रही। तहसील के प्रमुख चौराहों व अन्य जगहों पर आयोजन समितियों द्वारा आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई है। पांडालों में प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि इस बार गणेश स्थापना पर बुधवार का संयोग रहा है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि दिन बुधवार को विघ्नकर्ता गणेश जी का प्राकट्य हुआ था। इस योग मैं गणपति के विघ्नेश्वर रूप की पूजा करने से इच्छित फल मिलता है।गणेश चतुर्थी पर इस बार पंचम महायोग का संयोग रहा जिसमें सर्वार्थ सिद्दि योग, रवि योग, प्रीति योग, इंद्र योग ओर ब्रह्मा योग शामिल रहे। प्रथम पूज्य देव गणेश का जन्म भादो मास की चतुर्थी के दिन दूसरे प्रहर में हुआ था।

उमरियापान अंचल के मंदिरों, घरों और पूजा पंडालों में बुधवार से भगवान गणेश की स्थापना के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ हुआ। गणपति बप्पा मोरया के नारों से गलियां और चौक गूंज उठे। पूरे दिनभर सड़कों पर श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को लेकर जाते नजर आए। उमरियापान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बाजारों में पिछले कई दिनों से गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सजी रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों के गांव-गांव में पूजा पंडाल बनाए गए और अलग-अलग मुद्राओं में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने घरों और पंडालों में विधि-विधान से गणपति स्थापना कर लड्डुओं का भोग अर्पित किया। इस बार कई पर्यावरण प्रेमियों ने मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मंदिरों और पंडालों में 27 अगस्त से शुरू हुआ यह पर्व दस दिनों तक भक्तिमय माहौल के साथ मनाया जाएगा।



# भाजपा ने फूंका जीतू पटवारी का पुतला, मुर्दाबाद के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिलाओं द्वारा शराब पीने के बयान को लेकर भाजपा ने कटनी के अहिंसा तिराहे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

जीतू पटवारी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद सहित कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी के साथ महिला मोर्चा द्वारा पुतले को आग के हवाले किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि हरितालिका पर्व के दिन कांग्रेस के द्वारा मातृ शक्ति का अपमान किया गया जो कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता दर्शाता है। देशभर में महिलाओं द्वारा शराब पीना और मध्यप्रदेश की महिलाओं द्वारा सर्वाधिक शराब का सेवन करने का बयान निंदनीय तथा अक्षम्य है। महापौर प्रीति सूरी ने जीतू पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने इसे महिलाओं का अपमान बताया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा जैन ने कहा कि पटवारी और पूरी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ महिला मोर्चा इस मामले को लेकर लगातार आंदोलन करेगी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा महिलाओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर रोष जाहिर करते हुए कार्यवाही की मांग की।

## सड़कों में मवेशियों की जमघट से आए दिन हो रहा सड़क हादसे

# राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए सड़क हादसे में 5 मवेशियों की हुई मौत, किसान भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



निराश्रित मवेशियों के कारण सड़कों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी किये गये थे लेकिन स्लीमनाबाद तहसील मे कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं हो रहा है। स्लीमनाबाद से बहोरीबंद,पान उमरिया, बिलहरी, कुआँ मार्ग सहित अन्य मार्गो रपर जगह -जगह मवेशियों का जमावड़ा इन दिनों देखने को मिल रहा है। हाईवे पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है जिससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

मंगलवार की रात राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्लीमनाबाद बायपास मार्ग पर सड़क हादसे पर 5 नग मवेशियों ने अपनी जान गवाँ दी जबकि ग्राम पंचायतों मै सड़कों से मवेशियों को हटाने हाका गैंग तैनात है लेकिन उक्त हाका गैंग कागजो तक ही सीमित है। इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। वहीं आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से किसान भी परेशान है। मार्गो के किनारे लगे खेतों मे आवारा मवेशी घुसकर किसानों द्वारा बोई गईं खरीफ फसल को नुकसान पहुँचा रहे है जिससे किसानों को नुकसान पहुंच रहा है।

आवारा मवेशियों की सड़क हादसों पर मौत न हो इसके लिए कलेक्टर के निर्देशन पर पंचायत स्तर पर ख़ासकर हाइवे के आसपास संचालित ग्राम पंचायतो पर विशेष रूप से अभियान चलाया गया था। लेकिन अब अभियान के नाम पर महज खाना पूर्ति की जा रही है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबँधात्मक आदेश का पालन सख़्ती से बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतें इस अभियान की जवाबदेही निभाए इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए हैं!यदि किसी ग्राम पंचायत के द्वारा लाफ़रवाही बरती जा रही हैं तों संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## आधी रात को नकाबपोशों ने घर में आग लगाने की कोशिश



कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार देर रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने पूर्व आर्म्स डीलर नाज़िम ख़ान के घर पर आग लगाने की कोशिश की। स्कूटी पर सवार होकर आए आरोपियों ने घर के मुख्य दरवाज़े पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का प्रयास किया। पूरी घटना घर में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। गनीमत रही कि घर के गार्डन में पानी उपलब्ध होने के कारण समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों का कहना है कि यह घटना किसी पुरानी रंजिश से जुड़ी हो सकती है और बदमाश पूरे परिवार को आग के हवाले करने की साजिश रच रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। नाज़िम ख़ान ने तत्काल पुलिस को शिकायत दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर माधवनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर दी गई है। पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो बदमाशों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



मोटर साइकिल चोरी करने वाले दे आरोपितों को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि 22 अगस्त को शेख जब्बार निवासी उमरियापान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अगस्त की रात्रि 11 बजे वे अपनी मोटर साइकिल क्रमांक MP21 MK 7601 को लॉक कर अपने घर के सामने खड़ा कर सो गए थे। जब सुबह उठे और देखा तो उसकी मोटरसाइकिल नहीं थी। किसी अज्ञात चोर ने मोटर साइकिल चोरी कर लिया था। बाइक चोरी की शिकायत सामने आने पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन मे थाना प्रभारी उमरियापान दिनेश तिवारी द्वारा चोरी गई मोटर साइकिल व चोर की तलाश के लिए टीम गठित की गई। चोरी गई मोटर साइकिल की तलाश करते हुए पुलिस ने संदेही रंजीत कोल पिता परदेशी कोल 22 वर्ष निवासी मारवाड़ी देवरी थाना ढीमरखेड़ा एवं कारिया उर्फ परदेशी कोल पिता कमलेश कोल 26 वर्ष निवासी उमरिया पान से पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने जुर्म स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल वरामद कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. दिनेश तिवारी, एसआई भारत सिंह मार्को, प्र.आर.आशीष मेहरा, प्र आर अजय सिंह, प्र आर अजय तिवारी, आर.मोहन मुबेल, आर . अनिल पांडेय, आर. मनोज, आर. जगन्नाथ, आर सतेंद्र चौरसिया, आर. योगेश पटेल, आर. रोहित झारिया और थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत बसाड़ी में 12 दिवसीय प्रशिक्षण का हो रहा आयोजन

# समूह की महिलाओं को सब्जी उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक अनुपम पाण्डेय के सहयोग से जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत बसाडी में स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का 12 दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

### खेती को लाभ का धंधा बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण



प्रशिक्षण के अंतर्गत सब्जी उत्पादन के लिए पाली हाउस एवं शेड नेट एवं सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई तथा स्प्रिंकलर की जानकारी दी गई। कृषि के साथ सब्जी उत्पादन, फल-फूल एवं औषधीय पौधों की खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन तथा वानिकी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे कृषक कृषि को लाभ का धंधा बना सके।

इसी प्रकार एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के अंतर्गत कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए शष्यक्रियाएं यांत्रिक एवं जैविक विधियोंकी विस्तृत जानकारी दी गई।

सब्जियों की नर्सरी प्रबंधन के अंतर्गत पौध तैयार करने से लाभ, पौधशाला के लिए स्थान का चयन, पौधशाला की तैयारी, भूमि उपचार, बीज उपचार, क्यारी निर्माण, बीज बोने की विधि,सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण एवं रोग तथा कीट नियंत्रण का तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रशिक्षण में सरपंच विकास कुमार पाल एवं प्रशिक्षार्थी सुभद्रा पटेल, सरिता श्रीवास, सावित्री रजक, निशा पटेल, अनुसुइया पटेल एवं अनीता पाल सहित अन्यस महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महापौर, निगमाध्यक्ष की मौजूदगी में उत्साहपूर्ण माहौल ने हुआ कार्यक्रम

# गणेश चतुर्थी पर 61 हितग्राहियों को सौंपी गई पक्के आवासों की चाबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से लोगो के पक्के आवास का सपना सकार हो रहा है। पहले हितग्राहियों के मकान कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में उन्हे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, उनकी इस समस्याओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समझा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की। जिससे अब लोगो की स्वयं की पक्की छत का सपना साकार हो रहा है।

उक्त आशय के विचार महापौर प्रीति संजीव सूरी ने प्रेमनगर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी घटक के ईडब्ल्यूएस आवासों के आवंटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

महापौर ने कहा कि सरकार अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का संचालन कर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का विकास कर रही है। सरकार द्वारा जन धन योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना, पी एम स्व निधि योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाएं संचालित है। जिससे हर वर्ग के लोगों को संबल मिल रहा है। महापौर, अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका निगम कटनी सीमांतर्गत में 61 पात्र हितग्राहियों को उनके पक्के आवास की चाबी सौंपी जाकर हितग्राहियों को नवीन आवास मिलने की शुभकामनाएं दी जाकर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गृह प्रवेश करने का आग्रह भी किया।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री आवास योजना को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए प्रदेश सरकार द्वारा आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की मुहिम चलाई जाने की बात कही। आवास योजना बनने से गरीबों के पक्के आवास मिलने का सपने साकार होने की बात कही जाकर योजना का लाभ नगर के सभी पात्र लोगों को मिलने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान चयनित पात्र हितग्राहियों द्वारा एक-एक करके स्वयं के आवास की लॉटरी की पर्ची निकाली गई। इस प्रक्रिया के दौरान अनिल कुमार श्रमिकों भवन क्रमांक एन ई 12 में 102, अनीता अशोक चौहान को एन ई 25 में 103, अरविंद राम सिया मिश्रा को एन ई 26 में भवन क्रमांक 303 भवन क्रमांक अनुसार उनके भवन की चाबी महापौर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सौंपी जाकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान लाटरी का क्रम निरंतर जारी रखा जाकर अन्य हितग्राहियों को भी उनके नंबर के अनुरूप भवनों का आवंटन किया जाकर बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला सुरेंद्र गुप्ता, जियोस सदस्य शशिकांत तिवारी,पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, समाजसेवी दानिश अहमद सहित नोडल अधिकारी एवं सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# चाकूबाजी की वारदात में फिर एक युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के भीमराव चौक स्थित पानी की टंकी के पास मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात लगभग ढाई बजे एक युवक पर तीन हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किय है। वहीं वारदात को अंजाम देने वाले तीनों हमलावर फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के भीमराव चौक निवासी आदित्य पिता सूरज मिश्रा (24) मुंबई में किसी शिप कंपनी में काम करता है। कुछ दिन पहले ही किसी बात को लेकर वहां रहने वाले विवेक वंशकार, नितिन बर्मन और विवेक वंशकार से उसका विवाद हो गया था। इसी विवाद के कारण तीनों ने मिलकर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात आदित्य मिश्रा पर चाकू से हमला कर दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। फिलहाल आरोपियों के संबंध में कोई सुराग नहीं है।

गौरतलब है कि बीते माह ही चाकूबाजी की तीन वारदातें में चार युवकों की मौत हो चुकी है

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को होगी

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

### ऋणी किसान 30 तक करा सकेंगे अपनी फसलों का बीमा

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी किसान खरीफ 2025 की फसलों का बीमा 30 अगस्त तक करा सकेंगे। कृषक ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। खरीफ में अनाज एवं दलहन फसल के लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। उपसंचालक कृषि ने सभी ऋणी कृषकों से आग्रह किया है कि वह अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य करवायें। ताकि असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### स्वच्छ जल एवं पर्यावरण के लिए मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं की करें स्थापना

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगरवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विघ्नहर्ता श्री गणेश सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं नई ऊर्जा का संचार करें। महापौर श्रीमती सूरी ने नगरवासियों से गणेश उत्सव में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी प्रतिमाएं जल स्त्रोतों को प्रदूषित करती हैं, जबकि मिट्टी की प्रतिमाओं के विसर्जन से वे शीघ्रता से पानी में घुल जाती है, जिससे प्रकृति को कोई हानि नहीं होती। महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे गणेशोत्सव पर्व पर परंपरा एवं आस्था के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दें और अधिक से अधिक संख्या में मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना करें।

### नए थाना प्रभारियो ने संभाली कमान

**स्लीमनाबाद।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थाना प्रभारियों का तबादला किया है। जिसके तहत स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया को बहोरीबंद तों बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा को लाईन अटैच किया गया वहीं सुदेश कुमार समन को स्लीमनाबाद थाना प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारियों ने थाना पहुंचकर पदभार ग्रहण किया।

## कोतवाली थाना अंतर्गत गांधीगंज क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कारोबारी के सूने मकान में चोरी की वारदात में पुलिस को मिली सफलता

# जेवरात चोरी कर सुनार को बेच दिए, पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ट्रांसपोर्ट कारोबारी के सूने मकान में चोरी करने वाले बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गांधीगंज रावत गली में 19 अगस्त 2025 को अनिल जैन के सूने मकान में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। फरियादी ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 17 अगस्त को पूरे परिवार के साथ वे घर में ताला डालकर रिश्तेदारी में सागर गए हुए थे। 19 अगस्त को घर का ताला टूटा होने की सूचना मिली तो वे कटनी पहुंचे। घर आकर देखा तो, घर का पूरा सामान बिखरा हुआ था और घर में रखे सोने चांदी के जेबर व नगद रकम अज्ञात चोर चोरी करके ले गया था। पुलिस ने धारा 305ए, 331(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम, डॉग स्कॉड व सायबर टीम के द्वारा साक्ष्य एकत्रित किए गए। 4 टीमों के द्वारा पूरे क्षेत्र के सीसीटीव्ही कैमरों का गहन अध्ययन किया गया जिसमें 2 संदिग्ध व्यक्ति घटनास्थल के आसपास रैकी करते हुए पाए गए। मोहल्ले के लोगों से भी संदिग्धों के बारे में पूछताछ करने पर सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे हुलिए के व्यक्तियों के द्वारा घटना के 1 दिन पूर्व मोहल्ले में घूमना फिरना बताया गया। कड़ियों को जोड़ते हुए बाजार में लगे कैमरों को चैक किया गया। उक्त संदेही शहर के बीचोंबीच सिल्वर टॉकीज के पास एक होटल में रूकने की जानकारी प्राप्त हुई। उक्त होटल में जाकर होटल स्टाफ से पूछताछ कर रिकार्ड व सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए। पूछताछ पर तीन व्यक्ति जो की 17 अगस्त 2025 को होटल में आकर रूके थे और 19 अगस्त 2025 की सुबह करीब साढ़े 5 बजे होटल से चले गए थे। पुलिस टीमों के द्वारा सायबर सेल की मदद व मुखबिर तंत्र की मदद से संदेहियों के बारे में जानकारी एकत्रित करते हुए तीनों संदेहियों के सागर तरफ जाने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल टीमों को सागर जिले के लिए रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस की तत्परता से 2 संदेही सागर में कछियाना मोहल्ला थाना केंट में मिले। जिनसे उनका नाम व पता पूछने पर अपना नाम राजेश विश्वकर्मा नि. कछियाना मोहल्ला जिला सागर एवं देवी लड़िया निवासी केवलारी थाना केसली जिला सागर का होना बताया।

पुलिस की पूछताछ में गांधीगंज में सूने घर में चोरी की घटना करना स्वीकार किए और चोरी की गई नगद रकम में से अपने साथी सुरेन्द्र लाल अहिरवार नि. नया बाजार थाना कोतवाली जिला दमोह को देना तथा सोना-चांदी के कुछ आभूषण सुनार शुभम उर्फ गोलू सोनी निवासी सदर केंट को बेचना बताए। आरोपी शुभम उर्फ गोलू सोनी को उसके घर से व सुरेन्द्र लाल अहिरवार को रेल्वे स्टेशन सागर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजेश विश्वकर्मा ने पूछताछ में बताया कि मेरे पास जो बचा हुआ पैसा व सोने चांदी के जेबर थे उन्हें अपनी पत्नि अर्चना विश्वकर्मा व लड़के को दे दिया है। मेरी पत्नि व लड़का चोरी का पैसा व जेबरात लेकर बिना बताए घर से भाग गए है। मामले में चारों आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेबर व नगदी जप्त किए गए है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कटनी लाया गया एवं आरोपियों को न्यायालय पेश कर पुलिस रिमाण्ड में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आरोपी राजेश विश्वकर्मा की पत्नि अर्चना विश्वकर्मा व उसका लड़का जिनसे शेष जेबरात व नगदी बरामद किया जाना शेष वे फरार है। पुलिस के द्वारा दोनों की तलाश की जा रही है।

कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उनि. कुलदीप सिंह, अरूणपाल सिंह, योगेश मिश्रा, सिद्धार्थ राय, रूपेन्द्र सिंह राजपूत (सायबर सेल प्रभारी), सउनि. विजय गिरी, प्र.आर. वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, प्रशांत विश्वकर्मा (सायबर सेल), आर. दीपक तिवारी, अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, मंसूर हुसैन, अनमोल सिंह एवं विकास राय की अहम भूमिका रही।

### ट्रक चोरी करने वाले को पकड़ा, एक फरार



ट्रक चोरी के मामले में कुठला पुलिस ने कुछ ही घंटों में बदमाश को गिरफ्तार करते हुए वाहन बरामद कर लिया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस के अनुसार फरियादी नरेश प्रसाद गुप्ता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि बाबा रोड लाईस नाम से ट्रांसपोर्ट है, 24/08/2025 के शाम 05:00 बजे करीबन ट्रक MP-21-H-0902 को दुर्गा मंदिर पुरैनी रोड के किनारे खड़ा किया था, दिनांक 25.08.25 सुबह करीबन 09:00 बजे आकर देखा तो वहां पर ट्रक नहीं था, ट्रक को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

थाना प्रभारी कुठला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर चोरी गए ट्रक को विजयराघवढ बंजारी रोड से आरोपी प्रभाग कोल पिता कोदू लाल कोल 20 वर्ष निवासी बड़ारी थाना कैमोर कटनी के कब्जे से बरामद किया गया। एक अन्य आरोपी निलेश सिंह गोंड पुलिस को देखते ही झाडियों एवं खेत की तरफ भागने में सफल हो गया जिस की तलाश की जा रहीं हैं । गिरफ्तार आरोपी ने पूंछतांछ के दौरान बताया कि उसके साथी निलेश सिंह गोंड निवासी ग्राम पडरेही थाना कैमोर कटनी के साथ मिलकर ट्रक चोरी कर ग्राहक की तलाश में बंजारी में खडा किया था । फरार आरोपी निलेश सिंह गोंड के विषय में संबंधित थाना से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि यह आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध चोरी, मारपीट, अवैध हथियार रखने के कई अपराध पंजीबद्ध हैं तथा यह आरोपी नीलेश सिंह थाना कैमोर का निगरानी शुदा जिला बदर किया हुआ आदतन अपराधी हैं । फरार आरोपी की पता तलाश लगातार की जा रही है।

कार्यवाही में प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह. राहुल मिश्रा, रामेश्वर सिंह, अजय यादव, आरक्षक सत्येद्र सिंह , विजय प्रजापति की महत्वपूर्ण रही है।

## हवन, यज्ञ के साथ ही सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

# श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का सुनाया प्रसंग, कहा-छल-कपट की भावना न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद स्थित हरिदास मंदिर मैं चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस बुधवार को श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डाला गया। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित दिलीप पौराणिक के द्वारा उपस्थित जनमानस को बतलाया की श्रीकृष्ण का नाम अनमोल है। यदि पापी भी श्रीकृष्ण का नाम लेता है तो उसे सद्गति मिल जाती है जिसके ह्दय मैं प्रभु के प्रति भाव जागते है वही लोग प्रभु की कथा मैं शामिल होते है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर उसके उपदेश को जीवन मैं उतारे तभी कथा की सार्थकता है। भगवान का आगमन सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ है। श्रीमद्भागवत कथा हमे समाज के संस्कार ,अच्छे बुरे की पहचान सिखाती है। सच्ची भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति की जा सकती है।

बुधवार को संगीतमय कथा मैं श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक कहा कि सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि, भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,नरेंद्र दुबे,केशव दुबे, बृजेश दुबे, अनुराग मिश्रा, आदित्य दुबे, राकेश साहू,नितिन अग्रहरि,शेखर यादव, कत्तू झारिया, गिरानी यादव, नीलेश यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। गुरुवार को हवन यज्ञ पूर्णाहुति के साथ कन्या पूजन, कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा। शुक्रवार को दाधिकंधोत्सव आयोजन होगा।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**कटनी।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर नोडल अधिकारी बनाये गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल को इन कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 5 सालों में भी नहीं बन पाया स्वच्छ भारत के तहत कचरा घर



सिलौंडी में पिछले 5 सालों से स्वच्छ भारत के अन्तर्गत कचरा घर का नया भवन बन रहा है । अभी तक पूरी तरह से बनाकर तैयार नहीं हो सका। 5 सालों में सिर्फ 2 माह ही भवन निर्माण का कार्य हुआ है । तत्कालीन सचिव का 2021 में तबादला होने के बाद कचरा घर निमार्ण का कार्य ही बंद हो गया । ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग ने भी ग्राम पंचायत सिलौंडी से कचरा घर भवन को बनाने की मांग की परंतु पंचायत फंड की कमी बताकर बात को टाल रही है। जितना कार्य हुआ है वह भी जर्जर हो रहा है। लोहे की जाली पूरी तरह खराब हो चुकी है । जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी भी ध्यान नही दे रहे है। सिलौंडी में कचरा फेकने की जगह चिन्हित नही होने के कारण गांव के लोग भी सड़क किनारे ही अपने घर का कचरा फेकने मजबूर है। शासकीय कचरा घर भवन में शासकीय पैसे की बर्बाद होने के कारण ग्रामीण में भी आक्रोश है। जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी ने बताया कि ग्राम पंचायत में 8 सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे है। हर माह 32000 हजार रुपया का वेतन पंचायत खाता से खर्च हो रहा है। हर तीन या चार माह में परिवहन के नाम में भी 20000 से 40000 के बिल लग रहे है।

# तीज पर मंदिरों और घरों में बांधा फुलेरा, भजन कीर्तन करते किया रात्रि जागरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



अखण्ड सौभाग्य और पति की लंबी आयु की कामना के लिए महिलाओं ने मंगलवार को हरतालिका तीज व्रत रखा। शाम को माता पार्वती व भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की। कुंवारी कन्याओं ने भी अच्छे वर की प्राप्ति की भावना से यह व्रत रखा। दिनभर की तैयारी के बाद शाम को महिलाएं सजधजकर मंदिरों और घरों में बंधे फुलेरा के पास एकत्रित हुई।

पंडितों ने फुलेरा के नीचे शिव-पार्वती और भगवान गणेश का विधिवत पूजन कराकर हरतालिका तीज व्रत की कथा सुनाई। भजन कीर्तन के साथ महिलाओं ने रात्रि जागरण भी किया। महिलाओं ने पूजा में चढ़ाई गई सुहाग की कुछ सामग्रियां अपने पास रखा।तीज व्रत के अवसर पर महिलाओं ने घरों और बाजार में मारवाड़ी, अरेबिक, फोटो वाली और बैंगल डिजाइन वाली मेहंदी लगवाई। तीज व्रत से पहले महिलाओं ने सोमवार की देर रात कलेवा कर निर्जला व्रत की शुरुआत की। बुधवार को दिनभर निर्जल व्रत रहकर अखंड सौभाग्य की मंगलकामना की गई और बुधवार सुबह महिलाओं ने पूजा पाठ के बाद व्रत का पारण किया।

## हरतालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

# पति की दीर्घायु के लिए की प्रार्थना, फुलेहरा बांध की भगवान शिव माता पार्वती की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

हरितालिका तीज व्रत मंगलवार को स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे आस्था व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना व कुंआरी कन्याओं ने अच्छा वर प्राप्ति के लिए निर्जला व्रत रखा।न तो अन्न ग्रहण किया न ही जल। मंगलवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की।

### महिलाओं में रहा उत्साह



तीज को लेकर महिलाएं दो दिन पहले से ही तैयारी में जुट गई थी। सजने संवरने के साथ ही पूजा सामग्री जुटाने, व्यंजन बनाने के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं बनाने में जुटी रही।मंगलवार की सुबह सूर्योदय के साथ ही स्नान-ध्यान कर जलस्त्रोत के पास महिलाओं ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद पूरा दिन निर्जला व्रत रखकर भजन कीर्तन करती रही। शाम के समय एक स्थान पर सोलह श्रृंगार कर महिलाएं एकत्रित हुई। यहां महिलाओं ने आकर्षक फुलेहरा सजाया। शिव पार्वती की मिट्टी की मूर्ति रखी।

बांस के बर्तन में व्यंजन सजाकर पूरा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु व परिवार की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। हरितालिका तीज व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने मिला।

हरितालिका तीज व्रत पर मंगलवार को देर शाम पूजन करने के बाद फुलेहरा के नीचे बैठकर महिलाओ ने रतजगा भी किया।रतजगा मैं रात भर भगवान शिव-पार्वती के भजन संकीर्तन महिलाओं के द्वारा गाये गए। इसके बाद बुधवार की सुबह स्नान-ध्यान कर शिव पार्वती की मूर्ति व पूजन सामग्री विसर्जन के बाद पारण कर व्रत पूर्ण किया।

## माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा स्थापित करने किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शनएवंप्रभारी एवं रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में ग्रीन गणेश एवं माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि शासन द्वारा चलाये जा रहे 'माटी गणेश–सिद्ध गणेश' अभियान का मुख्य उद्देश्य गणेशोत्सव में भगवान गणेश, नवरात्रि में मां दुर्गा और दीपावली पर्व पर महालक्ष्मी जी की मिट्टी या प्राकृतिक सामग्री से बनी मूर्तियों के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करना है। जिससे विसर्जन के समय विभिन्न जल स्त्रोतों, जीवों एवं पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता है तथा जल स्त्रोत स्वच्छ बने रहते है एवं प्राकृतिक संतुलन भी नहीं बिगड़ता है। साथ ही पीओपी एवं हानिकारक रंगों से बनी प्रतिमाओं का उपयोग न करने एवं उनसे होने वाले दुष्प्रभावों से संबंधित जानकारी भी दी।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज को नई दिशा देते हैं एवं विद्यार्थी भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हैं। वहीं प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनोखी पहल बताते हुए विद्यार्थियों, समाज के सभी वर्गों से जागरूकता अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया एवं उपस्थिति सभी विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के सदस्यों को 'माटी गणेश–सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, मनीष मिश्रा, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ. अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, डॉ. कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत, सोनम पाण्डे, संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, दीपक मिश्रा, डॉ. अरुण तिवारी, डॉ. चंद्रभान विश्वकर्मा, शंकर सिंह, महिमा तिवारी, आर. ए. चौधरी, आशीष तिवारी, अजय सेन, रवि साहू, गणेश प्रजापति, राजेश्वरी मिश्रा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य एवं के स्वयंसेवक उपस्थित रहें ।

### विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

बहोरीबंद के नया स्कूल माध्यमिक शाला में ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता राम सिंह पटेल एवं अवधेश बैरागी के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को 'माटी गणेश, सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने बड़े ध्यान से प्रतिमा निर्माण सीख कर स्वयं मिट्टी के गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने माता-पिता के सहयोग से घरों में उनकी स्थापना और पूजन अर्चन करने का संकल्प लिया।



# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम, किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

हरतालिका तीज पर्व के उपलक्ष्य में राजकुमार सोनी की स्मृति में छिंदिहा टोला में दंगल कुश्ती का आयोजन पवन अखाड़ा कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य आयोजक पूर्व पार्षद सरमन सोनी ने दंगल कुश्ती की शुरुआत करवाई गई थी। कई वर्षो से बहुत ही शानदार आयोजन किया जाता है जिले व क्षेत्र प्रदेश स्तर के पहलवान दंगल कुश्ती में भाग लेने पहुंचते हैं। आयोजक मंडल द्वारा पूरी व्यवस्था पहलवानों के लिए करते हैं। पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन दिखाया। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि व दंगल प्रेमी पहलवानों की कुश्ती के सहभागी बने। आयोजक सरमन सोनी ने पहलवानों का उत्साह वर्धक किया। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष पीयुष अग्रवाल व जिला महामंत्री सतीश तिवारी पूर्व जनपद अध्यक्ष लालजी मिश्रा, जिला मंत्री ठारेश्वर पाठक, मंडल अध्यक्ष डॉ जगदीश गुप्ता, पूर्व पार्षद उत्तम शर्मा पार्षद संतोष द्विवेदी समाज सेवी बहादुर श्रीवास्तव रामकृष्ण पटेल अतिथियों ने विजेता उपविजेता को शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र के साथ नकद राशि देकर सम्मानित किया।

### नाम परिवर्तन

मैं संतोष भुमिया पिता रक्खू भुमियां उम्र करीब 37 वर्ष, निवासी ग्राम मिडरा पोस्ट खितौली तहसील बरही जिला कटनी म०प्र० का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र का नाम आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, समग्र आई डी. में राधे भैया (**Radhe Bhaiya**) अंकित है, जो सही एवं सत्य है, त्रुटिवश उसके शैक्षणिक दस्तावेजों में घरेलू नाम अजय भुमियां (**Ajay Bhumiya**) दर्ज हो गया है। मुझ शपथकर्ता का पुत्र वर्तमान समय पर नाबालिक है, जिस कारण मैं शपथकर्ता अपने पुत्र का नामांकन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खितौली में राधे भैया (**Radhe Bhaiya**) के नाम से किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं, तथा मै शपथकर्ता स्वंतत्र मन ईच्छा से अपनी पूर्ण सहमति प्रदान करता हूं। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त नाम के सबंध में कोई बाद-विवाद होता है अथवा कोई कानूनी अड़चन आती है, तो सम्पूर्ण जबावदारी मुझ शपथकर्ता की होवेगी, स्कूल प्रबंधन की कोई भी जबावदारी नहीं होवेगी।

**सही नाम - राधे भैया**

**त्रुटिवश नाम - अजय भुमिया**

## खबर संक्षेप

### घर-घर में विराजे गणेश जी, भक्तों ने की षोडशोपचार से पूजा-अर्चना

**अमानगंज।** नगर सहित क्षेत्र में गणेश उत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। घर-घर में गणपति बप्पा की स्थापना की गई, जहां भक्तों ने षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन कर मंगलकामनाएं कीं। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाएं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में गणेश उत्सव की रौनक छा गई है बच्चों ने खूब लड्डू बांट कर मनाया गणेश उत्सव।

### अनधिकृत कॉलोनी के संबंध में एक सितम्बर तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर किशोरगंज मोहल्ला पन्ना निवासी अनावेदकगण किशोरीलाल कुशवाहा, श्यामलाल कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा एवं सोनी कुशवाहा के द्वारा ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नंबर 422 रकवा 0.275 हे. भूमि पर निर्मित कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा आगामी एक सितम्बर तक कलेक्टर न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की सांगा बीट का मामला, टाइगर रिजर्व की टीम ने गश्ती के दौरान पकड़ा आरोपी, वन अमला फरार

# जंगली शूकर का शिकार कर हो रही थी दावत की तैयारी, गैलीलियो ने सूंघकर पकड़वाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही में वन्य प्राणियों का कुनबा बढ़ने से उनका शिकार भी होने लगा है। शिकारियों की तलाश के लिए श्वान स्क्वॉड टीम गैलीलियो के साथ लगातार गश्त करती रहती है। सोमवार को स्वान गैलीलियों ने सूंघा कि जंगल में वन्य प्राणी का मांस पक रहा है तो वह टीम के साथ उसी दिशा में बढ़ गया। जहां टीम को आता देख शिकारी तो गायब हो गया, लेकिन कढ़ाही में पक रहा 500 ग्राम जंगली शूकर का मांस टीम ने जब्त किया है तेंदूखेड़ा उपमंडल के झलौन, तेजगढ़, तेंदूखेड़ा व तारादेही चारों रेंज का आधा-आधा हिस्सा और क्षेत्रफल अब टाइगर रिजर्व के अधीन है। जहां पर अब टाइगर रिजर्व का वन अमला निगरानी करता है। ऐसा ही एक मामला तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की सांगा बीट से सामने आया है जहां पर स्वान स्कावड की टीम ने एक घर पर शूकर का मांस पकते हुए पकड़ा है। तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सांगा बीट की नाथ कॉलोनी में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की टीम ने गश्ती के दौरान एक घर में जंगली शूकर का तला और उबला हुआ 500 ग्राम मांस को जब्त किया गया है। मामला सोमवार की शाम 5.30 बजे का है। जब टाइगर रिजर्व की टीम रिजर्व क्षेत्र में बारिश के दौरान श्वान स्कावड गैलीलियो ने मांस की महक की दिशा में दौड़ना शुरू किया। वह टीम को सांगा के नाथ कालोनी लेकर पहुंचा। जहां पर आरोपी राजेश पिता कोमल नाथ के घर में कढ़ाई में शूकर का मांस पकाया जा रहा था। स्वान स्कवॉड की टीम ने मौके पर पहुंचकर मांस को जब्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई।

#### महिलाओं ने किया था हमला

वनरक्षक सत्यम नायक ने बताया कि सोमवार 5.30 बजे टाइगर रिजर्व की गश्ती टीम श्वान स्कवॉड के साथ क्षेत्र की गश्ती कर रही थी इस दौरान नाथ कॉलोनी में शूकर का मांस बनाते हुए मिला है। वन विभाग की पूछताछ में आरोपी द्वारा कुछ नहीं बताया गया। इसी दौरान नाथ संप्रदाय की महिलाओं ने वन टीम पर हमले की कोशिश की गई। लेकिन टीम पक रहे मांस को अपने कब्जे में करने सफल रही है, जिस कारण मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



#### वन अमले ने थाने पहुंचकर की शिकायत

मंगलवार को तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की टीम तेन्दूखेड़ा थाने पहुंची और आरोपी राजेश पिता कोमल नाथ और हल्ली पति राजेश नाथ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें आरोपी राजेश नाथ फरार है। जिसकी खोजबीन वन विभाग कर रहा है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं वन विभाग द्वारा वन अपराध प्रकरण क्रमांक 610/22 दर्ज किया गया है।

वनरक्षक सत्यम नायक के साथ नाथ कालोनी के नाथों द्वारा मारपीट करने की कोशिश की गई थी। लेकिन कोशिश नाकाम हो गई जहां वनरक्षक मांस को लेकर सीधे वन परिक्षेत्र कार्यालय पहुंच गया और मांस के सैंपल लिए गए और जबलपुर भेजा गया

**नेक नारायण खरे**
**डिप्टी रेंजर तेजगढ़**

#### इनका कहना है

आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा की कार्यवाही की गई है और घर से बरामद वन्य प्राणी के मांस के सैंपल को जबलपुर वन्य प्राणी फॉरेंसिक लैब भेजा गया है।

**नीरज पांडे**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़**

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को

## सामूहिक रूप से आई.एफ.ए. टैबलेट का सेवन कराया



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.अठया ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के चयनित विद्यालयों में सामूहिक रूप से आयरन अनुपूरण कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सहित जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में आज आयोजित सामूहिक आयरन गोली सेवन कार्यक्रम में पहुँचे। इस दौरान युवा समाजसेवी सिद्धार्थ मलैया एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी विशेष रूप से मौजूद रही। श्री मलैया सहित श्री कोचर एवं डॉ. चटर्जी ने स्वयं आयरन गोली का सेवन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को भी सामूहिक रूप से आयरन गोली का सेवन कराया।

#### बच्चे हमारे देश का भविष्य है वे स्वस्थ रहेंगे तभी देश सशक्त बनेगा-श्री मलैया

युवा समाजसेवी सिद्धार्थ मलैया ने बच्चों से संवाद दौरान कहा कि आज की पीढ़ी को मजबूत और स्वस्थ रखना हमारी जिम्मेदारी है। एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए हमें जागरूक होना जरूरी है। बच्चे हमारे देश का भविष्य है वे स्वस्थ रहेंगे तभी देश सशक्त बनेगा। उन्होने मौजूद छात्र-छात्राओं से आग्रह किया आयरन गोली का नियमित रूप सेवन करें व पौष्टिक आहार को भोजन में शामिल करें।

#### हमारा लक्ष्य जिले को एनीमिया मुक्त बनाना है-कलेक्टर श्री कोचर

कार्यक्रम दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने उपस्थित बच्चों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए बताया कि हमारा लक्ष्य है कि जिला दमोह को एनीमिया मुक्त बनाना है। एनीमिया बच्चों के विकास में बड़ी बाधा है। हम सभी को मिलकर इस समस्या को खत्म करना है। आयरन गोली का नियमित सेवन और संतुलित पोषण आहार इस दिशा में पहला कदम है।

## लीनेस बहनों ने मनाया गणेशोत्सव



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ईको गणपति की स्थापना की गई तथा गणेश स्थापना उत्सव को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुंदर आरती और पारंपरिक लेज़ीम नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी लीनेस बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष स्मृति खरे ने बताया कि पारंपरिक धार्मिक उत्सवों को मिल-जुलकर मनाने से आपसी सौहार्द और एकता मजबूत होती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि गणेश विसर्जन अपने आँगन में बाल्टियों में ही करें, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस अवसर पर एरिया ऑफिसर रोज़ी बग्गा ने अपनी ओर से सभी सदस्यों को मोदक प्रसाद वितरित किया और श्री गणेश उत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## जिला भाजपा कार्यालय में विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता श्री गणेश जी विराजमान हुए विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की प्रतिमा को ढोल नगाड़ों के साथ जिला कार्यालय में विधि विधान से स्थापना की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अरूण तिवारी, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखा जैन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश जाटव, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, भरत यादव, कृष्णा राज, अरूण सोनी, मनीष तिवारी, महेश पटेल, श्याम विश्वकर्मा, देवकिनन्दन पटेल, संतोष रोहित, मनीष सोनी, सिंकदर खरारे, श्याम दुबे,अखिलेश ठाकुर शिवेंद्र तिवारी अमर सिंह, मोहन गुप्ता, सुनील यादव, दिलीप चौरसिया, राहुल ताम्रकार, देवल कटारया राजुल चौराहा, महेंद्र राठौर, अखिलेश चौबे, आदित्य सिरोठिया, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## परिवहन विभाग द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिए अभियान

#### विभाग के सारथी पोर्टल पर दी गई है लिंक

**पन्ना।**

वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इंफोर्मेशन सेन्टर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है। अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। न्यायालयीन कार्रवाई की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं।

## हरितालिका तीजः फुलेरा झुलाने से लेकर देर रात्रि तक भक्ति में डूबा क्षेत्र



**बनवार।** क्षेत्र के घर-घर में बुधवार को हरितालिका तीज का पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। विवाहित और अविवाहित महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। जुझार के श्री राधा कृष्ण मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक परिधान में सजी सुहागिन महिलाओं ने देवी-देवताओं की विधिवत पूजा, श्रृंगार और आरती की। जगह-जगह पुलेरा झुलाने के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन कर वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। पर्व का मुख्य आकर्षण रहा बुधवार की रात भर चलने वाला विशेष पूजन और जागरण। महिलाओं ने रात्रि भर व्रत कथा सुनी और पति की लंबी आयु, परिवार की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान मंदिरों में विशेष सजावट की गई और प्रसाद वितरण का आयोजन भी हुआ। पूरे क्षेत्र में देर रात तक भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा, जिससे न केवल धार्मिक आस्था प्रबल हुई, बल्कि समाज में सांस्कृतिक एकता और सामूहिकता का संदेश भी गया।

## तीन ग्राम के लोगों ने लिया गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प

#### गांव में शराब बेचने पर 10,000 एवं शराब पीकर गाली गलौज करने पर जुर्माना निर्धारित किया

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौसीपुरा पंचायत परिसर में बुधवार को ग्राम पंचायत मौसीपुरा, धंसरा, लल्लूपुरा आदि तीनों गांवों को नशा नशा मुक्त करने का संकल्प भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से ग्राम सभा में लिया गया। ग्राम पंचायत मौसीपुरा के ग्राम पंचायत परिसर में तीनों गांव मौसीपुरा धंसरा एवं लल्लूपुरा के सभी ग्राम वासियों ने ग्राम सभा बुलाकर पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया। इन गांवों में अब ना तो कोई शराब विक्रय करेगा ना ही शराब पीकर कोई गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करेगा। अगर कोई शराब विक्रय का काम करता है तो उस पर 10,000 रुपए का जुर्माना होगा और सामाजिक बहिष्कार सहित पुलिस की कार्रवाई करवाई जाएगी। इसी तरह अगर कोई गांव में शराब पीकर गाली गलौज करता है लड़ाई झगड़ा करता है तो पंचायत बुलाकर उस पर 5000 रुपए का जुर्माना किया जाएगा एवं पुलिस कार्रवाई करवाई जाएगी। ग्राम सभा मे तीनों गांव के सभी जनप्रतिनिधि सरपंच, सचिव के साथ में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिसमें किसान मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, मौसीपुरा सरपंच प्रतिनिधि सचिन वकील सिंह, सरपंच देवी सिंह, गुलाब सिंह, दिनेश अहिरवार, प्रकाश सिंह, जनपद सदस्य भुजबल सिंह, उम्मेद सिंह एडवोकेट, पूर्व सरपंच सुल्तान सिंह, नवल सिंह राव साहब, रतन अहिरवार,गोपाल सिंह ठाकुर धंसरा, हेमराज सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान गांव में शराब बेचने वाले प्रेम सिंह ठाकुर और कमलेश सिंह ठाकुर ने कहा कि आज के बाद हम शराब नहीं बचेंगे। जिस पर थाना परिसर में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया।



## राष्ट्रीय संस्थापक डॉ.हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई

**दमोह।** जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में सेवादल के राष्ट्रीय संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर जिन्होनें हिन्दुस्तानी सेवादल की स्थापना 1 जनवरी 1924 को की थी उनकी 50वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने ध्वज वंदन करते हुए कहा कि सेवादल को कांग्रेस पार्टी की देखरेख में काम करने का काम सौंपा गया था और सेवादल ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि डॉ.हार्डीकर जी एक स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ थे उस समय सेवादल स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भी भाग लिया आयोजक एवं जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजय चौरसिया ने कहा कि सेवादल की भारत के सभी राज्यो में शाखाये है संगठन के समस्त सदस्य अनुशासनत्क रहकर गांधी टोपी पहिनने के लिये जाने जाते है। प्रदीप पटेल, परम यादव, वीरेन्द्र राजपूत, भूपेन्द्र आजवानी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, मंजीत यादव, शमीम कुरैशी, अफजल खान, बबलू भट्ट, विजय बहादुर, राजा रौतेला, अमित नामदेव, लाखन सिंह, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, अजय जाटव, कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव, सफल त्रिवेदी ने भी उदबोधन में कहा कि सेवादल का आजादी की जंग में जनसेवा कुर्बानियों त्याग व बलिदान का गौरवशाली इतिहास रहा है। इस अवसर पर प्रमेश सीरोठिया, सुरेन्द्र हजारी, पप्पू साबिर, शंभु राय, प्रवेन्द्र चंद्राकर, चिन्टू ठाकुर, एके चिश्ती, फरीद खान, राकेश राय, संतोष अहिरवार, बाबु चौहान, प्रदीप अहिरवार की उपस्थिति रहीं।

## झूठे हस्ताक्षर से की गई शिकायतों पर कार्रवाई की मांग, ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** जिले के तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत हाल ही में सामने आए एक मामले ने स्थानीय प्रशासन और नागरिक समाज को चिंता में डाल दिया है, जिसमें सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से झूठे हस्ताक्षरों के सहारे थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोप है भरत साहू के द्वारा फर्जी ट्वीटर आईडी बनाकर सोची समझी साजिश के तहत जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव फैलाने के लिए फर्जी दस्तावेजों और मनगढ़ंत आरोपों का सहारा लिया। स्थानीय नागरिक, भगवती मानव कल्याण संगठन और समाज के जागरूक लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि ऐसी हरकतों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायकर्ता जगदीश सिंह लोधी का कहना है कि झूठे दस्तावेजों के आधार पर शिकायत करना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज में तनाव फैलाने की एक सोची-समझी साजिश भी है। क्षेत्र के शांतिप्रिय नागरिकों ने अपील की है कि सभी समुदाय संयम बरतें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी भड़काऊ या फर्जी सामग्री को समय रहते रोका जा सके। कुशल सिंह लोधी, चंद्रप्रताप सिंह, राजेश ठाकुर, किशन केवट, खेत सिंह,विश्वनाथ गौंड़,लक्ष्मण रैकवार सहित अन्य गुरु भाई शामिल रहे।

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों का अविलंब समाधान किया जायें- मानक पटेल



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में समस्त कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को लेकर संबंधित डिप्टी कलेक्टर को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि 8 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओ.वी.सी. आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया थां वह यथावत रखा जाये। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बसंत कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान में लगभग 70 याचिकाये सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है इसमें से अधिकांश याचिकाये ओ.बी.सी. वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दायर की गई है। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, जिला संगठन मंत्री प्रदीप पटेल, परम याद्व, चंद्रभान सिहं, तिलक सींग, अमर सीग, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, नितिन मिश्रा, आनंद मोहन पटेरिया, कमला निषाद, के.के. वर्मा, राव लाखन सिंह, डी.पी. पटैल, शमीम कुरैशी, ब्रजेश पटेल, सतीश त्रिपाटी, हेमराज, मदन सुमन, मुकेश रोहिताश, अजय जाटव, शानु जुनेजा, अमित नामदेव, अरविन्द अवस्थी, अभिषेक यादव, के.के.अग्रवाल ने भी कहा कि समय पर पिछड़ा वर्ग की छात्रवृति दी जाये। ओ.वी.सी. संख्या अनुपात से छात्रावास बनाये जाये। इस अवसर पर सुनील सिंह, छोटू बिदौल्या, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू कुशवाहा, गोपाल रैकवार, विजय रैकवार, अशोक ठाकुर, संजू अहिरवार, संजु अहिरवार, खिल्लू ठाकुर, नीलेश यादव, दुर्गेश नामदेव, चन्द्रप्रकाश सरैया, चिन्टू ठाकुर, आशीष शर्मा, जगदीश पटेल, धर्मेन्द्र राय सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## मिट्टी के गणेश बनाकर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जबेरा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में पर्यावरण की सुरक्षा व शुद्धता को लेकर माटी गणेश सिद्ध गणेश निर्माण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें स्वैच्छिक संगठन नवांकुर संस्था स्व. श्री नन्हूसिंह पटेल समाजसेवी संस्था जलहरी के माध्यम से माध्यमिक शाला जलहरी, प्रस्फुटन ग्राम भाट खमरिया, माध्यमिक शाला करनपुरा आदि ग्रामों में माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह ठाकुर ग्राम भाटखमरिया के द्वारा बताया गया कि पर्यावरण की सुरक्षा व शुद्धता को ध्यान में रखते हुए माटी से बने गणेश की स्थापना की जानी चाहिए। जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे एवं सभी को मिट्टी से बनी प्रतिमा स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया। नवांकुर संस्था प्रतिनिधि मुल्तान सिंह लोधी के द्वारा बताया गया कि माटी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना करने से जल प्रदूषित नहीं होगा। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक प्रेम सिंह लोधी, दीपचंद अहिरवाल, शिक्षिका सुश्री नैंसी जैन, शिक्षिका श्रीमती मथुरा अहिरवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं ग्राम की महिलाओं व पुरुषों के साथ बच्चों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### वर्षों से काबिज राजस्व भूमि का पट्टा देने कलेक्टर को दिया आवेदन पत्र

**दमोह।** ग्राम झिन्ना पटपरा पंचायत कुलुवा ब्लाक पटेरा निवासी सिब्बू गौड़ पिता बुध्दे एवं विधा रानी गौड़ पति विशाल सिंह ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपने पूर्वजों के समय से काबिज राजस्व भूमि के रिकॉर्ड मे हुई हेराफेरी को ठीक कर कृषि कार्य हेतु पटटा देने की मांग की है। आवेदन मे बताया गया है कि आवेदक गण मौजा चीलघाट की पुराना हल्का नं. 57 तहसील पटेरा की 4.10 एकड़ राजस्व भूमि पर वर्षो से कब्जा कर कृषि करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में उक्त भूमि को राजस्व भूमि के रिकॉर्ड मे हेरा फेरी करके बेच दिया गया है। जिसके कारण आवेदकगणों एवं भूमि क्रय कर्ता के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। आदिवासी आवेदकगणों ने सम्पूर्ण मामले की निष्पक्ष जाँच कर काबिजों को भू-स्वामी हक का पटटा देने की मांग की है।

### दो क्षतिग्रस्त कमरों में नहीं लग रही क्लास

**दमोह।** जिला परियोजना समन्वयक श्री द्विवेदी ने बताया शासकीय प्राथमिक शाला केवलारी ग्राम पंचायत पिपरिया साहनी के दो कमरों की दीवार छतिग्रस्त होने के कारण वहां पर कक्षाएं नहीं लगाई जा रहीं है। इन दो कमरों के अतिरिक्त विद्यालय में तीन कमरे और हैं, जिनमें कक्षाओं का संचालन हो रहा हैं। उन्होंने बताया इन कमरों में भी मरम्मत की आवश्यकता है। जिसका प्रस्ताव भेजा गया हैं, शाला प्रांगण में ही शाला के एक भवन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान भी संचालित है।

कई दिनों से प्रतिमा को लेकर आ रहे थे स्वप्न

# नरसिंहगढ़ में 500 साल पुरानी गणेश प्रतिमा के साथ नंदी भी मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के नरसिंहगढ़ में स्थित प्राचीन नर्वदेश्वर मंदिर परिसर में बुधवार को खुदाई के दौरान जमीन में भगवान गणेश की प्रतिमा और एक नंदी की प्रतिमा मिली है। मंदिर समिति के सदस्य कैलाश मिश्रा का दावा है कि उन्हें कई दिनों से प्रतिमा को लेकर स्वप्न आ रहे थे। हर बार खुदाई की बात टल जाती थी। बीते सोमवार की स्वप्न आया इसके बाद मंगलवार शाम को समिति के सदस्यों ने मिलकर तय किया कि बुधवार को स्थल पर खुदाई करके प्रतिमा बाहर निकाली जाएगी।सुबह से समिति के सदस्य एकत्रित हुए। पहले जेसीबी से मिट्टी हटाई गई और उसके बाद सपने में दिख रहे स्थान पर कुछ मजदूरों ने खुदाई की, तो वहां पर भगवान गणेश की एक प्रतिमा और एक नंदी की प्रतिमा मिली। अब प्रतिमा को विशेष पूजन के साथ मंदिर में स्थापित किया जा रहा है। समिति सदस्य मिश्रा ने दावा किया है कि सपने में यह भी कहा गया है कि जो भी भक्त प्रतिमा की परिक्रमा करेगा उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होगी और सारे संकट दूर हो जाएंगे। प्रतिमा मिलने की खबर सुनने के बाद नरसिंहगढ़ और आसपास के क्षेत्र के लोग भी प्रतिमा के दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे। समिति के सदस्य देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि यह मंदिर करीब 500 साल पुराना मंदिर है, जो जर्जर हो चुका था। 3 साल पहले 30 लोगों की एक समिति बनाकर मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया गया। 3 साल से काम चल रहा है। करीब 15 लख रुपए खर्च हो गए हैं। राशि जन सहयोग से एकत्रित की गई है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री भी यहां आ चुके हैं। मंदिर का काम अभी भी जारी है। पूरे काम जन सहयोग से किया जा रहे।

## पंडालों के साथ घर घर विराजमान हुए विघ्नहर्ता



**हटा।** गणेश चतुर्थी पर बुधवार को शुभ मुहूर्त में देवों में प्रथम पूज्य विघ्न विनाशक मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की विधि विधान के साथ स्थापना की गई। नगर में गणेश उत्सव समितियों व भक्तों द्वारा अपने-अपने घरों पर बड़े ही उत्साह से विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर स्थापना की गई। वहीं प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में जगह-जगह सार्वजनिक स्थानों पर भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई जो क्रम देर रात तक चलता रहा वहां पर 10 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर में गणेशोत्सव को लेकर बाजार में आकर्षक गणेश प्रतिमाएं देखी गई। जागरूक लोगों द्वारा ईको फ्रेंडली मिट्टी की प्रतिमाएं ही स्थापना की। बाजार में प्रतिमाएं खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। जगह-जगह गणेशजी की झांकियों के लिए आकर्षक पंडाल सजाकर स्थापना की गई, साथ ही आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। इसी प्रकार घरों में भी गणेश स्थापना कर श्रद्धालु दस दिनों तक भक्ति करेंगे। गणेश उत्सव के चलते नगर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर पंडाल सजाए गए हैं, वहीं कई स्थानों पर आकर्षक झांकियां सजाई जा रही है।

## जागेश्वरनाथ धाम में श्री गणेश की अद्भुत प्रतिमा, बताई जाती है महाभारत काल की



**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में विराजमान भगवान श्री गणेश की प्रतिमा हजारों वर्ष प्राचीन और महाभारत काल की मानी जाती है, इस अद्भुत प्रतिमा को देखने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते है। जानकार बताते है कि हलगज क्षेत्र के छितराखेड़ा गांव ग्राम पंचायत खड़ेरा है, महाभारत काल में रानी चित्रलेखा का राज्य था। उस समय यहां कई देवी-देवताओं के भव्य मंदिर और प्रतिमाएं थीं, लेकिन समय के साथ यह क्षेत्र नष्ट हो गया और मंदिरों के अवशेष बिखर गए। कुछ प्राचीन पत्थर के स्तंभ और द्वार आज भी बांदकपुर के काल भैरव और राम-जानकी मंदिर में देखे जा सकते है, बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट के श्री रामकृपाल पाठक बताते है कि छितराखेड़ा में स्थित एक विशाल गणपति मंदिर की प्रतिमा को वर्षों पहले जागेश्वर नाथ धाम में स्थापित किया गया था,मान्यता है कि रानी चित्रलेखा को ऐसा वरदान प्राप्त था कि उनकी इच्छा अनुसार देव प्रतिमाएं पाषाण से साकार हो जाती थीं। आज भी छितराखेड़ा में प्राचीन मंदिरों के अवशेष मौजूद है, जो इस क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को प्रमाणित करते है। महाभारत काल की मानी जाने वाली यह अद्भुत गणेश प्रतिमा न केवल भक्तों की आस्था का केंद्र है, बल्कि इस क्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है।

# हटा में सोशल मीडिया पर लव जिहाद मामले में की गई टिप्पणी से दो पक्ष आमने-सामने

**रात्रि में घंटों रहा तनाव का माहौलः एसपी, कलेक्टर ने पहुंचकर संभाला मोर्चा**

### पुलिस ने दोनों पक्षों पर किया प्रकरण दर्ज

### बज्र वाहनों के साथ मंदिर मस्जिद चौराहा रहा पुलिस छावनी में तब्दील





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कौमी एकता की मिसाल कायम करने वाली उप काशी हटा में मंगलवार की रात लव जिहाद मामले में सोशल मीडिया पोस्ट पर की गई टिप्पणी से दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गयी और देखते ही देखते नारेबाजी के साथ पत्थरबाजी शुरू हो गई। यह स्थिति उस समय निर्मित हुई जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के साथ दो राज्य मंत्री एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने हटा आए थे। हैरानी की बात यह है कि सोशल मीडिया पर टिप्पणी का मामला पूरे दिन सुर्खियों में रहा जहां एक पक्ष पुलिस थाना हटा पहुंचा लेकिन कोई हल नहीं निकलने पर रात होते होते दो पक्ष आमने-सामने आ गए।

दिनभर चले संदेश के आदान प्रदान के बाद देर शाम मूल पोस्ट लिखने वाले ने अपने दो तीन साथियों के साथ थाना मन्दिर चौराहा पहुंचकर पोस्ट पर टिप्पणी करने वाले की पिटाई कर दी । इसके बाद धीरे-धीरे चौराहा पर भीड़ जमा होने लगी दोनों पक्ष थाना रिपोर्ट करने पहुंचे और थाना में नारेबाजी और गाली गलौज करने से तनाव उग्र हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे को खदेड़ने लगे और जमकर पत्थर बाजी भी होने लगी। इसी दौरान उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम के पहुंचे कलेक्टर सुधीर कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी मंदिर मस्जिद चौराहा पर पहुंच गए जहां एसपी मुस्लिम पक्ष के पास पहुंचे और कलेक्टर कोचर ने चौराहे पर नजर रखे रहे और दूसरे पक्ष को चौराहे से दूर ले जाने की प्रकिया पर नजर रखी ताकि दोनों पक्ष पास पास न रहे

इस पूरे मामले में पुलिस की इंटेलिजेंस भी फेल रही है सामान्यतः व्ही आईपी के दौरे के पूर्व लोकल और जिला गुप्तचर के अधिकारी स्थानीय गतिविधियों पर नजर रखते है और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को गतिविधियों से अवगत कराते है। लव-जिहाद की चर्चाओं के बीच घटना के एक दिन पूर्व सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा का हटा दौरा हुआ था जिसमें लव जिहाद पर आक्रोश जताते हुए वर्ग विशेष पर उग्र टिप्पणी भी सार्वजनिक हुई थी उस दौरान गुप्तचर शाखा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। दूसरे दिन 25 अगस्त को उपमुख्यमंत्री सहित तीन तीन मंत्री का दौरा प्रस्तावित था जो किसी कारण से स्थगित होकर 26 अगस्त को तय हुआ। नगर में दिन भर सोशल मीडिया की टिप्पणी को लेकर विवाद गर्म रहा।

पुलिस थाना सूचना भी हुई किन्तु पुलिस और गुप्तचर शाखा ने इसे गंभीरता से नही लिया। तीन तीन मंत्रियों की नगर में मौजूदगी के दौरान पुलिस बल की उनकी ड्यूटी में व्यस्त होने के दौरान दो समुदाय आपस में भिड़ गए और साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। एसपी श्री सोमवंशी और कलेक्टर श्री कोचर ने बड़ी गंभीरता से दोनों पक्षों को सुना और कानूनी कार्यवाही का भरोसा दिलाया। माहौल कुछ हद तक शांत किया। एसपी सोमवंशी ने स्पष्ट किया कि तनाव फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी भले ही किसी भी पक्ष के हो। उपकाशी की सौहार्द की स्थिति को बरकरार रखने पूरी सख्ती की जाएगी। थाना मन्दिर चौराहा पर सशस्त्र पुलिस बल मय वज्र वाहनों के तैनात किया गया और पूरे नगर में पुलिस की गश्त कराई गई। हटा पुलिस की सहायता के लिए मड़ियादो, मगरोन गैसाबाद पटेरा आदि पुलिस थानों के बल भी बुलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी देर रात हटा पहुंचे और पुलिस थाने में अधिकारियों के बीच चर्चा में भाग लिया। गौरतलब है कि विगत वर्षो में चार बार दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो चुकी है इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन इस तरह के तनाव को रोकने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं।

# धूमधाम से विराजे विघ्नहर्ता श्रीगणेश, हर तरफ गूंजे मंगल गीत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

कहीं ढोल-ताशे तो कहीं नगाड़े बज रहे थे हर तरफ श्री गणेश के जयकारे की गूंज थी। अवसर था श्री गणेश चतुर्थी का गणेश चतुर्थी पर विघ्नहर्ता की स्थापना घरों एवं पंडालों में की गई। चल समारोह की तरह प्रतिमाएँ पंडालों में पहुंचीं। पंडालों में गणपति बप्पा मोरया... मंगल मूर्ति मोरया... गूँजता रहा। सुबह शुरू हुआ स्थापना का क्रम देर रात तक चलता रहा। वहीं मंदिरों में श्रीगणेश का

विशेष पूजन-अर्चन किया गया

### बप्पा की हुई भव्य आगवानी

इस वार्ड क्रमांक 9 में नवयुवा गणेश उत्सव समिति द्वारा श्री गणेश भगवान की पहली बार भव्य प्रतिमा स्थापित की गई आगमन पर बप्पा की भव्य आगवानी हुई डीजे की धुन पर भक्त नाचते हुए भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा जबलपुर से लेकर तेंदूखेड़ा पहुंचे जहां जमकर आतिशबाजी करके श्री गणेश का स्वागत किया गया।

## आठ आवासों में हुआ गृह प्रवेश कार्यक्रम



**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा द्वारा दिनांक 27 अगस्त 2025 को पी एम आवास माह के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अंतर्गत 08 परिवारों के आवास का गृहप्रवेश कार्यक्रम किया गया। अन्य हितग्रहियों से अपील की गई हैं जिनके आवास अपूर्ण है वह भी अपनी छत एवं प्लास्टर पूर्ण कर शासन की इस महतवपूर्ण योजना का लाभ उठाकर शेष राशि भी प्राप्त करे।

## खेतो में फसलों को चौपट कर रहे जंगली सुअर



**दमोह।** मडियादो बफरजोन के कलकुआ और आसपास के गांव में जंगली सुअर व वन्य जीव अब दिन के उजाले में ही खेतो में घुसकर फसलों को चौपट कर रहे हैं, कलकुआ गांव में बंजारा टोला में मक्के के खेत मे सुअरों का झुंड घुसा,दोपहर करीब 12,30 बजे किसान ने जैसे ही खेत मे आहट ली तो सुअरों को भगाया,खेतो से निकलकर जंगल की ओर भागते हुए सुअरों की तस्वीरें भी सामने आई है,बताया जा रहा वन्य जीव खेतो में खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पँहुचा रहे हैं।

## पुलिस ने सक्रियता से नाबालिग को किया दस्तयाब




**हिनौताकलां।** गैसाबाद थाना क्षेत्र में विगत दिनों से कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है जिसमें नाबालिक लड़कियों का प्रेम प्रसंग में अपने परिवार जनों के विरुद्ध जाकर भागना पाया गया जिसमें उनको समय से सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिवार जनों को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी प्रीति पांडे की कुशल कार्यशैली के कारण उन्होने गंभीरता से मामले को समझ कर अपनी टीम के साथ तत्काल एक्शन मूड में आकर कुछ ही घंटे में पकड़ कर कार्यवाही करना एक मिसाल बन गया है। गत दिवस एक मामला तेवरैया गांव का आया जिसमें थाना प्रभारी प्रीति पांडे के नेतृत्व में आरक्षक भूपेंद्र पटैल व हर्ष पटैल की त्वरित कार्यवाही से पुलिस ने मात्र 24 घंटे में तेवरैया निवासी नाबालिग को छतरपुर से सकुशल दस्तयाब किया। विशेष रूप से साइबर सेल मयंक दुबे का योगदान रहा। ऐसे गंभीर मामलों में तुरंत पुलिस कार्यवाही की आवश्यकता होती है जो पुलिस द्वारा की जा रही है जिसकी क्षेत्र वासियों ने प्रशंसा भी की।

# उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने हटा में निजी अस्पताल का किया शुभारंभ

### रात्रि में मुफ्त इलाज होगा अस्पताल संचालक अधिवक्ता राजीव पांडेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला मंगलवार की शाम उपकाशी नगरी हटा पहुंचे जहां उन्होंने पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ,पर्यटन संस्कृति एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी साहित्यकार श्याम सुन्दर दुबे की उपस्थित में एक निजी अस्पताल का फीता काटा अस्पताल का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने मंच की उद्बोधन में कहा कि हटा में सेवा की भावना से पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अस्पताल खोली गई है और सबसे बड़ी बात यह है कि रात्रि में मरीजों से फीस नहीं ली जायेगी जो गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा शिलालेख का लोकार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं अस्पताल के संचालक राजीव मोहन पांडेय ने सरकार के समक्ष मांग रखी कि तहसील स्तर पर छोटे अस्पतालों को खोलने नियम शिथिल हों। उन्होने बताया कि उनकी अस्पताल में रात्रि में मरीजों से फीस नहीं ली जाती, जरूरत होने पर खुद वाहन से मरीजों को दमोह शिफ्ट करते है उनकी इस घोषणा का उपस्थित जनसमूह द्वारा स्वागत किया गया।

उपमुख्यमंत्री शुक्ला जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते है कि मेडिकल की पढ़ाई क्षेत्रीय भाषाओं में हो, इसका लाभ हिंदी भाषी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।अगले पांच सालों में मध्य प्रदेश में मेडिकल की पांच हजार सीट बढ़ेंगी दमोह का मेडिकल कॉलेज अगले साल आरम्भ होगा। हटा अस्पताल में महिला डॉक्टर न होने से आपरेशन के लिए महिलाओं को दमोह भेजना पड़ता है आप सीधी महिला डॉक्टर की नियुक्ति की जावेगी जिससे सभी कार्य हटा सिविल अस्पताल में ही होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापक स्तर पर डॉक्टरों की भर्ती कर रही है ,ग्रामीण क्षेत्रो में डॉक्टर को भेजना चुनौती है जिसे जल्दी ठीक करेंगे इस पर काम चल रहा है। आयुष्मान योजना की तारीफ करते हुए कहा कि यह अच्छी योजना प्रधानमंत्री मोदी जी ने बनाई है, साढ़े चार करोड़ लोगों को एमपी में आयुष्मान कार्ड दिए है जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि सभी अस्पतालों में टेलीमेडिसिन की सुविधा स्थानीय अस्पताल द्वारा वीडियो कॉलिंग से मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर से कंसल्टेशन लेकर भी इलाज कर सकता है यह सुविधा लेने की उन्होनें लोगो से अपील की।

मीडिया से चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री का जिले में डायलिसिस यूनिट की संख्या बढ़ाने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पैरामेडिकल स्टाफ, फिजियोथेरेपी यूनिट, ब्ल्ड चढ़ाने, सोनोग्राफी ईसीजी टेक्निशियन की नियुक्ति, हटा सिविल अस्पताल में महिला रोग चिकित्सक एनबीएसयू यूनिट स्थापना की ओर ध्यान आकर्षित कराया। सिविल अस्पताल हटा में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। इसके पूर्व मंत्री के आगमन से पहले कांग्रेस नेता दीपेश पटेरया ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन एसडीएम राकेश मरकाम को सौंपा जिसमें रोजगार शिक्षा कृषि, अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर बात कही।

### नाम सुधार सूचना

शपथकर्ता कपिल कुमार कुशवाहा पिता स्व. श्री तुलसीराम कुशवाहा उम्र 37 वर्ष निवासी मागंज वार्ड नंबर 4 स्टेशन के पास, दमोह तह. व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा दसवीं एवं 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम अंग्रेजी में KAPIL KUMAR KUSHAWAHA S / O TULSIRAM KUSHAWAHA लिखा है जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। जबकि कि मेरे स्नातक डिग्री, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम अंग्रेजी में KAPIL KUMAR KUSHWAHA S/O TULSIRAM KUSHWAHA लिखा है जो कि सही है। यह कि उपरोक्त उल्लेखित दोनों नाम अंग्रेजी विवरण मेरे ही हैं एवं एक ही व्यक्ति के ही नाम है। अत: मेरा नाम की अंग्रेजी में KAPIL KUMAR KUSHWAHA S/O TULSIRAM KUSHWAHA लिखा, पढ़ा एवं पत्र व्यवहार किया जाये।

शपथकर्ता

KAPIL KUMAR KUSHWAHA
S/O TULSIRAM KUSHWAHA